# <u>प्रेस नोट दिनांक 28.02.2025</u>
# <u>थाना बारादरी जनपद बरेली।</u>

**<u>थाना बारादरी व एसओजी #bareillypolice द्वारा चौकी मॉडल टाउन क्षेत्रान्तर्गत डाक्टर मयंक अग्रवाल के घर हुयी चोरी का सफल अनावरण कर घटना में शामिल एक अभियुक्त को 7.5 लाख रुपये नकद एवं 12 लाख रुपये के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया गया।</u>**

दिनांक 19/20.02.2025 की रात्रि में चौकी मॉडलटाउन क्षेत्रान्तर्गत रेजीडेन्सी गार्डन कालोनी में डाक्टर मयंक अग्रवाल के घर में अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की गयी थी। जिसमें नकद रुपये व सोने चादी के जेवरात अलमारी तोडकर अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिए गये थे जिसके सम्बन्ध में थाना बारादरी पर मु0अ0सं0 175/25 धारा 305/331(4) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली महोदय द्वारा थाना बारादरी, सर्विलांस एवं SOG की संयुक्त टीमों का गठन कर निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में गठित टीम द्वारा सर्विलांस CCTV लगभग 150 कैमरों के अवलोकन एवं स्थानीय मुखबिरों के सहयोग से घटना का सफल अनावरण करते हुए घटना में शामिल डा0 मयंक अग्रवाल का व्यक्तिगत वाहन चालक **श्रीकान्त उर्फ सोनू कश्यप पुत्र सोहनपाल कश्यप नि0 संजय नगर थाना बारादरी जिला बरेली** को ईट पजाया चौराहे के पास माधौबाडी में बन्द पडी रेलवे लाइन से मय 07,50,000 रूपये तथा चार सोने की चूड़ी, टुटी हुई चूड़ीं के पाँच टुकड़े ,एक अंगूठी सोने की, एक अंगूठी हीरे की, कानो में पहनने वाले दो टाप्स हीरे के, एक सोने की चेन जिसमें काले मोती तथा नीचे लाकिट जिसमें लाल सफेद रंग के हीरे के नग है, चांदी की हाथ की दो चूड़ी, दो जोड़ी चांदी की पैरों की पायल, एक कमर का चांदी का विछूआ, पाँच जोड़ी चांदी के पैरों की अंगुलियों के विछियाँ, एक चांदी का पत्ता जिस पर गणेश व लक्ष्मी की मुर्ति, 17 चांदी के सिक्के, एक चांदी का गिलास, दो प्लास्टिक कार्ड, एक मोबाइल ओप्पो कम्पनी सहित गिरफ्तार किया गया। बारामदा माल की कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये बरामद कर अभियोग में धारा 317(2)/61(2) बीएनएस की वृद्धि कर गिरफ्ताशुदा अभियुक्त को अन्तर्गत धारा 305/331(4)/317(20/61(2) बीएनएस में माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्तः</u>**–श्रीकान्त उर्फ सोनू कश्यप पुत्र सोहनपाल कश्यप नि0 संजय नगर थाना बारादरी जिला बरेली।

**<u>नाम पता फरार अभियुक्तः-</u>**

1.अजय पुत्र सोहनलाल कश्यप निवासी संजय नगर थाना बारादरी जिला बरेली।
2.प्रदीप पुत्र रामकिशोर नि0 दहतौरा मोड़ वोदला थाना जगदीशपुर जिला आगरा।

**<u>बरामदगीः-</u>**

1. 7,50,000 रूपये नकद ( 500 की 15 गड्डी )
2. चार सोने की चूड़ी
3.सोने की टुटी हुई चूड़ीं के पाँच टुकड़े
4. एक अँगुठी सोने की एव एक हीरे की
5. कानो में पहनने वाले दो टाप्स हीरे के
6. एक सोने की चेन मंगलसूत्र
7. एक लाकिट जिसमें लाल सफेद रंग के हीरे के नग है
8. चांदी की हाथ की दो चूड़ी
9. दो जोड़ी चांदी की पैरों की पायल

10. एक कमर का चांदी का विछूआ
11. पाँच जोड़ी चांदी के पैरों की अंगुलियों के विछियाँ
12. एक चांदी का पत्ता जिसपर गणेश व लक्ष्मी की मुर्ति
13. 17 चांदी के सिक्के,
14. एक चांदी का गिलास
15. दो प्लास्टिक कार्ड
16. एक मोबाइल ओप्पो कम्पनी

**विवरण पूछताछः-**अभियुक्त ने पूछताछ ने बताया मैं डॉ0 मयंक अग्रवाल के यहाँ उनकी गाड़ी 02 साल से चलाता हूँ। जिस कारण डॉ0 साहब व उनका परिवार मुझ पर पूरा विश्वास करते हैं और मैं उनके घर में बिना रोक टोक आता जाता रहता हूँ । डाक्टर साहब ने कुछ दिन पहले मुझे बताया था कि दिनांक 19.02.25 को गाड़ी से परिवार सहित प्रयागराज में कुम्भ स्नान करने के लिए चलना है। घर पर कोई नहीं रहेगा केवल कुत्ता रहेगा जिसके लिए एक अन्दर कमरे का एक गेट खुला रहेगा और खाना पीना कुत्ता के लिए रख चलेगें और 20.02.25 की शाम तक वापस आ जायेंगे। डा0 साहब के साथ रहने के कारण मुझे पता था कि इनके घर मे पैसे और गहने खूब है इस बात की चर्चा मैने अपने भाई अजय से की जो आगरा रहता है तथा कई बार चोरी के मामले में जेल भी जा चुका है वह घटना से 03-04 दिन पहले अपने दोस्त प्रदीप पुत्र रामकिशोर नि0 दहतौरा मोड़ वोदला थाना जगदीशपुर जिला आगरा के साथ मेरे घर आ गया फिर हमने वैठ कर प्रोग्राम बनाया और अपने भाई को एक दिन अपने साथ ले जाकर घर दिखा दिया तय योजना के अनुसार दिनांक 19.02.2025 को मै डा0 साहब, उनकी पत्नी बच्चे व मां-वाप को लेकर कुम्भ चला गया घर पर पालतू कुत्ता छोडा गया था जिसमें मुख्य दरवाजा बन्द कर अन्दर के दरवाजे उसकी सुविधा के लिए छोड़ दिये गये थे कि दिनांक 19.02.2025 की रात्रि मे तय योजना के अनुसार मेरा भाई व उसका दोस्त रेजीडेन्सी कालोनी की दीवार क्रबिस्तान साइड से फान्द कर जाकर शीशे का दरवाजा हटाकर घर में प्रवेश कर अलमारी तथा तिजोरी तोड़कर उसमे रखा रुपया चोरी कर मेरे कमरे पर पहुँच गये और घर पर ही छिपे रहे मैं टेलीफोन से व्हाट्सप कालिग से जानकारी लेता रहा कि दिनांक 20.02.2025 को शाम जब हम डा0 साहब को लेकर घर आये तो चोरी का पता चला और मै डा0 साहब के साथ रहकर चोर खोजने में एव पुलिस को सूचना देने में साथ रहा जब कई दिन वीत गये और यह लगने लगा कि अब हमारा भेद नहीं खुलेगा तो हम सभी इकट्ठा होकर चोरी के रुपये को बटबारा कर रहे थे कि पकडे गये और मेरा भाई व उसका दोस्त मौके से भाग गये।

**अनावरण/गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
1.निरीक्षक श्री सुनील कुमार शर्मा प्रभारी SOG बरेली मय टीम।
2.निरीक्षक श्री देवेन्द्र सिंह धामा प्रभारी SOG बरेली।
3.प्रभारी निरीक्षक श्री धनंन्जय कुमार पाण्डेय थाना बारादरी बरेली।
4.उ0नि0 श्री सतेन्द्र मोतला प्रभारी सर्विलांस मय टीम।
5.उ0नि0 श्री नवीन कुमार SOG बरेली।
6.उ0नि0 श्री कुशलपाल सिंह चौकी प्रभारी मॉडल टाउन थाना बारादरी बरेली।
7.कां0 604 रामपाल थाना बारादरी बरेली ।
8.कां0 3318 निखिल तौमर थाना बारादरी बरेली ।
9.हे0का0 534 आशीष कुमार मिश्रा थाना बारादरी बरेली ।
10.हे0का0 640 मो0 असलम थाना बारादरी बरेली ।
11.हे0का0 सजंय सिंह SOG बरेली ।
12.हे0का0 कमल कुमार SOG बरेली ।
13.हे0का0 ज्ञानेन्द्र सिंह SOG बरेली ।
14.हे0का0 1057 अविनेश कुमार SOG बरेली ।
15.का0 1339 ऋषभ चौधरी SOG बरेली।